यह तुम्हारा पिता है तथा यह तुम्हारी माता। इनमें से जिसका चाहो हाथ पकड़ लो।

अबू मैमूना सलमा, जो मदीना के किसी व्यक्ति के आज़ाद किए हुए ग़ुलाम थे तथा एक सच्चे आदमी थे, से रिवायत है, वह कहते हैं कि मैं अबू हुरैरा (रज़ियल्लाहु अन्हु) के पास बैठा था कि उनके पास एक फारसी महिला आई, जिसके साथ उसका बेटा था। उसके पति ने उसे तलाक दे दिया था और पति-पत्नी दोनों उसपर दावा कर रहे थे। उस महिला ने कहा : ऐ अबू हुरैरा! फिर आगे फारसी में बात करते हुए बोली कि मेरा पति मेरे इस बेटे को ले जाना चाहता है! तो अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु ने उससे फ़ारसी ही में कहा : तुम दोनों इस लड़के को अपने पास रखने के संबंध में क़ुरआ अंदाज़ी कर लो। यानी लकी ड्रा के माध्यम से निर्णय कर लो। इसी बीच उसका पति भी आ गया तथा बोला : कौन मुझसे मेरे बेटे के संबंध में झगड़ा करेगा? तो अबू हुरैरा रज़ियल्लाहु अन्हु ने कहा : मैं यह बात इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि मैं अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- के पास बैठा हुआ था कि एक औरत आपके पास आई और बोली : मेरा पति मेरे इस बेटे को मुझसे छीन लेना चाहता है, जबकि यह मुझे अबू इनबा के कुएँ से पानी लाकर पिलाने लगा है और मेरे काम आने लगा है। यह सुन अल्लाह के रसूल -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने फ़रमाया : “तुम दोनों इस लड़के को अपने पास रखने के संबंध में क़ुरआ अंदाज़ी कर लो।” इसपर उसका पति बोला : कौन मुझसे मेरे बेटे के संबंध में झगड़ा करेगा? तब नबी -सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम- ने उस बच्चे से फ़रमाया : “यह तुम्हारा पिता है तथा यह तुम्हारी माता। इनमें से जिसका चाहो हाथ पकड़ लो।” चुनांचे, उस बच्चे ने माँ का हाथ पकड़ लिया, तो वह उसे लेकर चली गई।
[सह़ीह़] [इसे इब्ने माजा ने रिवायत किया है । - इसे तिर्मिज़ी ने रिवायत किया है। - इसे नसाई ने रिवायत किया है। - इसे अबू दाऊद ने रिवायत किया है। - इसे अह़मद ने रिवायत किया है।]

https://sunnah.global/hadeeth/hi/show/58190